सत्यमेव जयते

राजस्थान सरकार

# बजट 2023-2024

# सामान्य वाद-विवाद
# पर
# श्री अशोक गहलोत
## मुख्यमंत्री
## की घोषणाऐं

16 फरवरी, 2023

घोषणायें :

1. अध्यक्ष महोदय, अब मैं, नवीन घोषणायें प्रस्तावित कर रहा हूँ–

## शिक्षा एवं युवा विकास :

2. हमारे द्वारा नई पहल करते हुए प्रदेश में महात्मा गांधी English Medium विद्यालय स्थापित किये जा रहे हैं। ये विद्यालय गुणवत्ता की दृष्टि से किसी भी निजी विद्यालय से भी बेहतर हों, इस दृष्टि से एक **Expert Committee** का गठन कर Long-Term Strategy एवं Action Plan निर्धारित किया जायेगा। इसी क्रम में प्रदेश में शिक्षण एवं अन्य सुविधाओं के विस्तार हेतु–

I. राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय एवं स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूलों के संस्था प्रधानों व चयनित शिक्षकों को spoken english, administration एवं leadership development के लिए training दी जायेगी।

II. प्रदेश के 358 शैक्षणिक ब्लॉक मुख्यालयों पर स्कूलों/कॉलेजों में 20 करोड़ रुपये की लागत से English Language Labs की स्थापना की जायेगी। इससे 50 हजार से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित होंगे।

III. महात्मा गांधी English Medium स्कूलों में Pre-School Education उपलब्ध कराने के हमारे निर्णय के साथ–साथ चरणबद्ध रूप से Play Elements भी लगाये जायेंगे। इस पर आगामी वर्ष 50 करोड़ रुपये का व्यय होगा।

3. ICT परियोजना के तहत 4 हजार उच्च माध्यमिक विद्यालयों में 256 करोड़ रुपये की लागत से Computer Labs स्थापित की जायेंगी।

4. महाराव शेखाजी Armed Forces Training Academy, सीकर तथा Services Preparatory Institute, औरंगाबाद की तर्ज पर संभाग स्तर पर एक–एक उच्च माध्यमिक विद्यालय में **Defence Services Preparatory Institute** की स्थापना करने की घोषणा करता हूँ। इन पर 35 करोड़ रुपये का व्यय प्रस्तावित है। साथ ही, मैं केन्द्र सरकार से आग्रह करना चाहूँगा कि वह युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए ''अग्निवीर'' योजना पर पुनर्विचार कर सेना में युवाओं को regular नियुक्ति ही प्रदान करें।

5. पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, जोधपुर में **Centre of Excellence for Non-Conventional Energy** एवं पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, जयपुर में **Centre of Excellence for Electric Vehicles** की स्थापना की जायेगी।

6. युवाओं को employable बनाने में Skill Development एवं Capacity Building की महती भूमिका को देखते हुए–

I. राजकीय महाविद्यालयों में विभिन्न पार्टनर्स के माध्यम से vocational certificate courses शुरू किये जायेंगे। इस पर 50 करोड़ रुपये का व्यय होगा।

II. समस्त आवासीय तथा चयनित विद्यालयों में कक्षा 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों के लिए vocational training के साथ–साथ workshop में कार्य करने की सुविधा उपलब्ध कराने की दृष्टि से **'महात्मा गांधी बुनियादी शिक्षा केन्द्र'** शुरू किये जाने प्रस्तावित हैं। आगामी वर्ष इस हेतु 50 करोड़ रुपये का व्यय किया जायेगा।

7. विद्यार्थियों एवं ग्रामीण स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने हेतु बीकानेर में iStart Innovation School Hub की स्थापना की जायेगी। साथ ही, डूंगर कॉलेज–बीकानेर में Auditorium बनाया जायेगा।

8. प्रदेश में उच्च शिक्षा के विस्तार हेतु–

I. कादेड़ा (केकड़ी), बोराडा (किशनगढ़)–**अजमेर**, मुबारिकपुर (रामगढ़)–**अलवर**, घोसुंडा–**चित्तौड़गढ़**, गंगाशहर–**बीकानेर**, बगड़ी (लालसोट), गीजगढ़ (सिकराय)–**दौसा**, आसोप (भोपालगढ़), देचू (लोहावट)–**जोधपुर**, कानोता, जालसू–**जयपुर**, लूणवा (नावां)–**नागौर**, सेमारी, नयागांव (खैरवाड़ा)–**उदयपुर**, वजीरपुर–**सवाई माधोपुर** एवं देसूरी व देवली (रायपुर)–**पाली** में **राजकीय महाविद्यालय** खोले जायेंगे।

II. आभानेरी (बांदीकुई), भांडारेज (सिकराय)–**दौसा**, भिवाड़ी, खेरलीगंज (कठूमर)–**अलवर**, नगरफोर्ट (देवली–उनियारा) –**टोंक**, चूनवाड़ (सादुलशहर)–**श्रीगंगानगर** एवं सुकार (बामनवास)–**सवाई माधोपुर** में **कन्या राजकीय महाविद्यालय** खोले जायेंगे।

III. जयपुर के हवामहल क्षेत्र में **राजकीय उर्दू बीएड महाविद्यालय** खोला जायेगा।

IV. ग्रामीण कन्या महाविद्यालय, भादरा–हनुमानगढ़, मीरा कन्या महाविद्यालय, संगरिया–हनुमानगढ़, ज्ञान ज्योति पीजी महाविद्यालय, श्रीकरणपुर–श्रीगंगानगर, शहीद भगतसिंह

महाविद्यालय, रायसिंहनगर–श्रीगंगानगर को राजकीय महाविद्यालय में परिवर्तित किया जाना प्रस्तावित है।

9. साहडोली (रामगढ़), उमरैण–अलवर, नाहरगढ़–बारां, विजयपुर–चित्तौड़गढ़ एवं लाखनपुर (लालसोट)–दौसा में **आईटीआई** खोली जायेंगी।

10. विद्यार्थियों की शिक्षण सुविधा के विस्तार हेतु–

I. गिरवरपुरा (केकड़ी)–अजमेर व भेडोली (बौंली)–सवाई माधोपुर में **अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय**, वैर–भरतपुर व जैसलमेर में **अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय** एवं पहाड़ी (कामां)–भरतपुर में **अल्पसंख्यक बालक आवासीय विद्यालय** खोले जायेंगे।

II. अग्गड़ (लसाड़िया)–उदयपुर, मारवाड़ जंक्शन–पाली में **अनुसूचित जनजाति बालिका छात्रावास** तथा कुचामन–नागौर में **अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास** खोले जायेंगे।

11. छात्राओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए आवश्यक निःशुल्क आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने की दृष्टि से राजकीय महाविद्यालयों में छात्रावासों का निर्माण चरणबद्ध रूप से करवाया जायेगा। प्रथम चरण में श्रीगंगानगर के छात्रावास सहित 20 छात्रावास खोले जाने के साथ ही पूर्व में संचालित छात्रावासों का जीर्णोद्धार भी किया जायेगा। इस पर 75 करोड़ रुपये का व्यय होगा।

12. प्रदेश के कस्तूरबा गांधी बालिका, एकलव्य, देवनारायण तथा अन्य सभी आवासीय विद्यालयों के साथ–साथ SC/ST/OBC/MBC सहित सभी छात्रावासों में आधुनिकीकरण एवं आधारभूत सुविधाओं के विभिन्न कार्य 100 करोड़ रुपये की लागत से करवाये जाना प्रस्तावित है।

13. विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास हेतु–

I. राजकीय महाविद्यालय परिसरों में open gyms स्थापित किये जायेंगे। इन पर 25 करोड़ रुपये का व्यय होगा।

II. संस्कृत विद्यालयों में खेल सामग्री की उपलब्धता, खेल मैदानों का विकास व अन्य निर्माण के साथ–साथ open gym centres स्थापित किये जायेंगे। इन पर 20 करोड़ रुपये का व्यय होगा।

III. संस्कृत महाविद्यालयों में योग एवं ध्यान की नियमित कक्षायें संचालित करवायी जायेंगी।

14. चयनित युवाओं को राजकीय विभागों के साथ काम करने के अवसर प्रदान करने, उनके अभिनव एवं प्रगतिशील विचारों के आधार पर योजनाओं में गुणात्मक सुधार लाने हेतु **'यंग इंटर्न प्रोग्राम (YIP)'** के तहत 250 युवाओं को अतिरिक्त इंटर्नशिप करवायी जायेगी।

15. साथ ही, आमजन को सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराने, जागरूक करने एवं उनकी समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने के उद्देश्य से गठित **राजीव गांधी युवा कोर (RYC)** के अन्तर्गत कार्यरत 2 हजार 500 **'राजीव गांधी युवा मित्रों'** की संख्या बढ़ाते हुए 5 हजार की जानी प्रस्तावित है।

16. दिनांक 10 फरवरी को वर्ष 2023–24 का बजट प्रस्तुत करते समय मैंने वर्तमान में प्रक्रियाधीन नियुक्तियों के अतिरिक्त आगामी वर्ष में भी रिक्त होने वाले पदों पर भर्तियां सुनिश्चित करने सम्बन्धी घोषणा की थी। इसी क्रम में अब मैं, आगामी वर्ष **एक लाख भर्तियां** और करने की घोषणा करता हूँ।

17. प्रदेश में खेलकूद की सुविधायें विकसित करने तथा खेल प्रतिभाओं को आगे लाने के उद्देश्य से–

I. शाहबाद–बारां में खेल स्टेडियम तथा छात्र व छात्राओं हेतु खेल छात्रावास प्रारम्भ किये जायेंगे। इस पर 10 करोड़ रुपये का व्यय होगा।

II. कंवर का बास (झोटवाड़ा)–**जयपुर**, चांदोली (उमरैण)–**अलवर**, चौहटन–**बाड़मेर**, सुजानगढ़, सालासर–**चूरू**, भुसावर–**भरतपुर**, सागवाड़ा–**डूंगरपुर**, मनियां–**धौलपुर**, बिसाऊ (मंडावा), अलसीसर, चिड़ावा–**झुंझुनूं**, सरदारपुरा (नाथद्वारा)–**राजसमंद**, बौंली, गंगापुरसिटी–**सवाई माधोपुर**, शिवगंज–**सिरोही**, श्रीकरणपुर, सादुलशहर–**श्रीगंगानगर** एवं **प्रतापगढ़** में **खेल स्टेडियम** निर्माण एवं विकास कार्य करवाये जायेंगे।

III. सरदारपुरा (नाथद्वारा)–राजसमंद में उच्च स्तरीय खेल सुविधायें विकसित करने के साथ–साथ कुश्ती अकादमी एवं स्टेडियम निर्माण हेतु 25 करोड़ रुपये व्यय किये जायेंगे।

IV. जनजातीय खेल प्रतिभाओं को बांसवाड़ा, प्रतापगढ़ व उदयपुर में 40 दिवसीय उच्चस्तरीय आवासीय खेल प्रशिक्षण दिया जायेगा।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य :

18. वर्तमान में **मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना** के अन्तर्गत Empanelled Hospitals में ही विभिन्न Transplants यथा–lung, bone marrow, kidney, liver, heart की सुविधा उपलब्ध है। अब मैं, प्रदेश के बाहर सहित किसी भी अस्पताल में पैकेज की सीमा तक समस्त Transplants पर राशि का पुनर्भरण प्रस्तावित करता हूँ।

19. Organ Transplant के लिए राज्य के समस्त मेडिकल कॉलेजों को चरणबद्ध रूप से **Organ Retrieval Centres** के रूप में विकसित किया जायेगा।

20. मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, Rajasthan Government Health Scheme (RGHS) तथा मुख्यमंत्री निरोगी राजस्थान योजना के अंतर्गत बढ़ते रोगीभार को देखते हुए मरीजों को सुगमता से समस्त चिकित्सा सुविधायें देने तथा रोगियों की मेडिकल हिस्ट्री ट्रेक करने के लिए चरणबद्ध रूप से IT आधारित **Integrated Health Management System (IHMS)** को सरकारी एवं निजी चिकित्सा संस्थानों में प्रभावी किया जायेगा। आगामी वर्ष, प्रथम चरण में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (CHCs) तक क्रियान्वयन हेतु 50 करोड़ रुपये व्यय किये जाने प्रस्तावित हैं।

21. राज्य के चिकित्सा संस्थानों में ICU, Neonatal ICU, Paediatric ICU बेड्स की संख्या में हुई वृद्धि एवं इनमें काम करने वाले नर्सिंग स्टाफ की विशेष प्रकार की ड्यूटी को ध्यान में रखते हुए इनके लिए पृथक केडर बनाया जायेगा।

22. प्रदेश में चिकित्सा सेवाओं के विस्तार एवं आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने की दृष्टि से–

I. राजौरगढ़ (राजगढ़)–**अलवर**, डुंगराना (भादरा)–**हनुमानगढ़**, सिरस (वैर), इकरन (सेवर)–**भरतपुर**, नाथडियास (रायपुर) –**भीलवाड़ा**, जोगलसर (सुजानगढ़)–**चूरू**, गोठडा तगेलान (धोद), घिरणिया बड़ा, बीदसर एवं डूडवा (लक्ष्मणगढ़), सकराय–**सीकर**, खेड़ला खुर्द (लालसोट), डूंगरपुर (रामगढ़ पचवारा)–**दौसा**, मदारिया (देवगढ़), गवारड़ी, उथारड़ा, उपली ओडन, गुंजोल (नाथद्वारा), सेखावास (भीम)–**राजसमंद**, पनोरिया (चौहटन) –**बाड़मेर**, भाडली (फतेहगढ़)–**जैसलमेर**, डांगियावास (बिलाड़ा) –**जोधपुर**, सिरासना (डेगाना), सूंथली (मकराना)–**नागौर**, चक 13एफएफ (श्रीकरणपुर)–**श्रीगंगानगर**, माण्डावास (रोहट), रूपावास–**पाली**, पंड्यावाड़ा (ऋषभदेव), नवाणिया (वल्लभनगर) –**उदयपुर** सहित **200 उप स्वास्थ्य केन्द्रों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में क्रमोन्नत** किया जायेगा।

II. कालेड़ा कंवरजी (केकड़ी)–**अजमेर**, मालपुर (गोविन्दगढ़), रसनाली (बानसूर)–**अलवर**, छीतर का पार (बायतू), बांटा (गुड़ामलानी), गोल स्टेशन(पचपदरा)–**बाड़मेर**, बसई (रूपवास) –**भरतपुर**, उमरी (करेड़ा)–**भीलवाड़ा**, छपरौली–**धौलपुर**, चिरपटिया (मारवाड़ जंक्शन), शिवपुरा (सोजत)–**पाली**, सारसोप (चौथ का बरवाड़ा)–**सवाई माधोपुर**, खरेश (डीडवाना)–**नागौर**, घाटी मौहल्ला–**डूंगरपुर**, नलवा (धरियावद)–**प्रतापगढ़**, काछीपुरा –**करौली**, गहनौली (महुवा)–**दौसा**, उण (आहोर)–**जालोर**, नेवा

तलाई (जयसमंद)—**उदयपुर**, आवंलहेडा (बेगूं)—**चित्तौड़गढ़**, सुरेरा (दांतारामगढ़)—**सीकर** एवं अरटिया खुर्द (भोपालगढ़)—**जोधपुर** में **नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र** खोले जायेंगे। साथ ही, बाड़मेर में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोला जायेगा।

III. गाड़ोदा (लक्ष्मणगढ़), जेजुसर (नवलगढ़)—**सीकर**, संखवास (खींवसर)—**नागौर**, बामणोर (चौहटन)—**बाड़मेर**, चंदनपुरा (नदबई), बहज (डीग), सेवर—**भरतपुर**, दियातरा (कोलायत)—**बीकानेर**, चौरू (फागी)—**जयपुर**, प्रतापपुरा (बांदीकुई)—**दौसा**, परानियां (किशनगंज)—**बारां**, सायरा (गोगुन्दा)—**उदयपुर**, पुनाली, मझौला—**डूंगरपुर**, बालेर (खंडार)—**सवाई माधोपुर**, तरनऊ (जायल)—**नागौर**, कैमला (नादोती)—**करौली**, खुहड़ी (सम) —**जैसलमेर**, बागरा (आहोर), बागोड़ा, भीनमाल—**जालोर** एवं नेड़च, बनेडिया, कोठारिया (नाथद्वारा)—**राजसमंद** सहित 75 **प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में क्रमोन्नत** किया जायेगा।

IV. खेरली—अलवर, लोहावट—जोधपुर, मंडरायल—करौली, बस्सी—चित्तौड़गढ़ एवं खंडेला, खाटूश्यामजी—सीकर के **सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को उप जिला अस्पताल में क्रमोन्नत** किया जायेगा।

V. बाड़ी—धौलपुर व कुचामनसिटी—नागौर के **उप जिला अस्पताल को जिला अस्पताल में क्रमोन्नत** किया जायेगा।

VI. मेडिकल कॉलेज—भरतपुर में Critical Care Unit खोली जायेगी।

VII. श्रीगंगानगर में आयुष चिकित्सालय एवं बाड़मेर में आयुर्वेद चिकित्सालय खोला जायेगा।

VIII. आयुर्वेद औषधालय हिण्डौन सिटी–करौली को क्रमोन्नत किया जायेगा। साथ ही, 100 आयुष चिकित्सालयों में यूनानी चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध करवायी जायेगी।

IX. तिजारा–अलवर, सरदारशहर–चूरू, श्रीडूंगरगढ़–बीकानेर व रींगस–सीकर में **ट्रोमा सेन्टर** खोले जायेंगे।

X. उप जिला चिकित्सालय, नोहर–हनुमानगढ़ में ब्लड बैंक खोला जायेगा।

XI. जिला चिकित्सालय, नाथद्वारा–राजसमंद में 67 करोड़ रुपये की लागत से भवन निर्माण करवाया जायेगा।

XII. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, हिण्डौली–बूंदी एवं कोटकासिम –अलवर में बेड की संख्या को 30 से बढ़ाकर 50 किया जायेगा। साथ ही, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सेडवा–बाड़मेर में बेड क्षमता 75 की जायेगी।

औद्योगिक विकास :

23. प्रदेश में MSMEs में Energy Efficiency के प्रति जागरूकता कम है। अतः उनकी Energy Productivity को बढ़ावा देने के लिए चयनित MSME Units में निःशुल्क Energy Auditing की सुविधा एवं Energy Efficient Equipments लगाने पर **मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना** के अंतर्गत **एक प्रतिशत** की अतिरिक्त छूट दी जायेगी।

24. राज्य में उद्योग इकाइयों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध करवाने की दृष्टि से मेरे द्वारा CISF की तर्ज पर RISF (Rajasthan Industrial Security Force) के गठन की घोषणा की गयी थी। इसके अंतर्गत 2 बटालियनों के गठन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। आगामी वर्ष RISF की **एक** अतिरिक्त बटालियन का गठन किया जाना प्रस्तावित है।

25. उद्यमियों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से रीको क्षेत्र में भूखण्ड आवंटी द्वारा भूमि की एकमुश्त देय समस्त बकाया प्रीमियम राशि 30 सितम्बर, 2023 तक जमा कराये जाने पर देय ब्याज राशि में 60 प्रतिशत की छूट दिया जाना प्रस्तावित है।

26. उद्यमियों एवं निवेशकों को सुविधा प्रदान करने के लिए जालोर एवं मण्डोर–जोधपुर में RIICO के इकाई कार्यालय स्थापित किये जायेंगे।

सामाजिक सुरक्षा :

27. हमारी सरकार विशेष योग्यजनों के प्रति हमेशा संवेदनशील रही है। राज्य कर्मचारी की मृत्यु के उपरान्त, राजस्थान सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1996 के अन्तर्गत अविवाहित निःशक्त पुत्र/पुत्री ही पारिवारिक पेंशन हेतु पात्र हैं। अब मैं, विवाहित निःशक्त पुत्र/पुत्री को भी पारिवारिक पेंशन के लिए पात्र घोषित किया जाना प्रस्तावित करता हूँ।

28. कुष्ठ रोग मुक्त विशेष योग्यजनों को राजस्थान रोडवेज की साधारण एवं एक्सप्रेस बसों में राज्य की सीमा के भीतर **निःशुल्क यात्रा** की सुविधा प्रदान किया जाना प्रस्तावित है। साथ ही, इन्हें वर्तमान में दी जा रही एक हजार 500 रुपये प्रतिमाह की सहायता को बढ़ाकर 2 हजार 500 रुपये किया जायेगा।

29. जैसा कि विदित है कि **उड़ान योजना** के अंतर्गत लगभग एक करोड़ 45 लाख किशोरियों एवं महिलाओं को सेनीटेरी नैपकिन निःशुल्क वितरण का कार्य हाथ में लिया गया है। इस क्रम में प्रयुक्त सेनीटेरी नैपकिन्स के recycle, biodegradation एवं eco-friendly disposal के लिए नीति बनाकर आवश्यक व्यवस्था की जानी प्रस्तावित है। आगामी वर्ष इस पर 100 करोड़ रुपये का व्यय होगा।

आधारभूत सुविधायें :

30. प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क निर्माण व उन्नयन एवं अन्य आधारभूत कार्य **एक हजार 900 करोड़ रुपये** से अधिक की लागत से करवाये जाना प्रस्तावित हैं, ये कार्य हैं–

I. सड़क निर्माण व सुदृढ़ीकरण कार्य :–

| क्र.सं. | सड़क कार्य | लागत |
|---|---|---|
| 1. | घणोली वल्लभनगर सड़क (6 किमी.) (वल्लभनगर, उदयपुर) | 3 करोड़ 50 लाख रुपये |
| 2. | महेशनगर से अन्तर्मना सर्किल होते हुए आर.के. कम्युनिटी तक सड़क (3.75 किमी.)(किशनगढ़, अजमेर) | 8 करोड़ 02 लाख रुपये |
| 3. | राजगढ़–थाना–धमरेड–अनावड़ा–नयागांव प्रतापपुरा–बालेटा रोड (13 किमी.) (अलवर) | 10 करोड़ 40 लाख रुपये |
| 4. | महंगी सीमा से लोठावास–संज्यानाथ महाराज होते हुए पलासाना–मुख्य दौसा रोड–चांदपुरा–मान्डयाला की ढाणी–जादूपुरा–पतालिया की ढाणी से हरियाणा ब्राह्मण की ढाणी–गली का गुवाडा होते हुए गुर्जरों की ढाणी–पाटरोलो का बास से अजबगढ़ रोड तक (26.5 किमी.) (थानागाजी, अलवर) | 25 करोड़ रुपये |
| 5. | धौलपुर के बाड़ी में मिसिंग व सम्पर्क सड़कों का कार्य (32.55 किमी.) (बाड़ी, धौलपुर) | 15 करोड़ रुपये |

| | | |
|---|---|---|
| 6. | बसई नबाव में बाईपास रोड का निर्माण (5 किमी.) (बाड़ी, धौलपुर) | 15 करोड़ 10 लाख रुपये |
| 7. | झाड़ेवा–भूदा का बास से बगड़ियों का बास–लालासी चौराहा, खेड़ी राडान–कसवाली–खीचड़ो की ढाणी, बलारा–सांखु, डुडवा–मीलों की ढाणी सड़क निर्माण कार्य (42 किमी.) (लक्ष्मणगढ़, सीकर) | 13 करोड़ 26 लाख रुपये |
| 8. | झाझड़ (एसएच–07) से एसएच–20 (नेछवा रोड) तक बाईपास सड़क (5.5 किमी.) (लक्ष्मणगढ़, सीकर) | 7 करोड़ रुपये |
| 9. | मण्डावरी–दौसा में बाईपास निर्माण (लालसोट, दौसा) | 35 करोड़ रुपये |
| 10. | हवामहल के वार्ड नं. 14 दिल्ली बाईपास मानबाग चौराहे से 02 नं. बस स्टैण्ड तक एवं 02 नं. बस स्टैण्ड से लिंक रोड जाटों की ढाणी तक जाने वाली सड़क के फोरलेन चौड़ाईकरण का कार्य (जयपुर) | 8 करोड़ रुपये |
| 11. | अनास नदी पर भुआदरा में हाई लेवल पुल (गांगडतलाई, बांसवाड़ा) | 43 करोड़ रुपये |
| 12. | एन.एच. 68 से लुखु सुनारों की ढाणी रोहिला शोभाला–जेतमाल मेहलू मालपुरा से नौखड़ा सड़क (39 किमी.) (गुड़ामलानी, बाड़मेर) | 27 करोड़ रुपये |
| 13. | टेचरी का फांटा से कपिल सरोवर सड़क (8 किमी.) (श्रीकोलायत, बीकानेर) | 12 करोड़ रुपये |
| 14. | हुडला से समलेटी (वाया गोपालगढ़, सिन्दुकी, भोपर, ठेकड़ा, पीपलखेड़ा) सड़क (74 किमी.) (महुवा, दौसा) | 35 करोड़ रुपये |
| 15. | डुंगराना–भाड़ी मोड़ रोड (27.5 किमी.) (भादरा, हनुमानगढ़) | 20 करोड़ रुपये |
| 16. | डेवा की ढाणी–चारण की ढाणी–मोहनबाड़ी–कैमरों की ढाणी–बेरी–राजेश की ढाणी–जाखड़ी की ढाणी नाडा–परसरामपुरा–टोडपुरा–नागल–कोससिया–माण्डासी–डूण्डलोद सड़क (60 किमी.) (नवलगढ़, झुंझुनूं) | 20 करोड़ रुपये |
| 17. | कृषि मण्डी माताजी की ढाणी–कैराली जोहड़ी, बुगाला, कुमावास, खिरोड़, चिराणा–राणासर–डूमरा–जेजूसर | 16 करोड़ रुपये |

| | | |
|---|---|---|
| | –सुनारी जोहड़ी सड़क (48 किमी.) (नवलगढ़, झुंझुनूं) | |
| 18. | कल्याणपुरा से कोटड़ी–आमली रोड के चौराहे तक सड़क निर्माण मय वान्टेड कॉजवे निर्माण (सवाई माधोपुर) | 2 करोड़ रुपये |
| 19. | भाड़ोती–मखौली रोड (सवाई माधोपुर) | 30 करोड़ रुपये |
| 20. | सवाई माधोपुर में लटिया नाले पर वैकल्पिक रोड निर्माण | 133 करोड़ रुपये |
| 21. | जैसलमेर में यूनियन चौराहे से एयरपोर्ट चौराहे तक सड़क चौड़ाईकरण | 16 करोड़ 45 लाख रुपये |
| 22. | हनुमानगढ़–सूरतगढ़ सड़क (एसएच–94) पर रेलवे फाटक संख्या 179 के स्थान पर डबल बॉक्स आरयूबी मय अप्रोजेज व सर्विस सड़क निर्माण | 20 करोड़ रुपये |
| 23. | पाली शहर में सुमेरपुर रोड पर बांडी नदी पर 2 लेन पुल को फोरलेन (पाली) | 35 करोड़ रुपये |
| 24. | एनएच–48 जंक्शन–गोपालपुरा–चिमनपुरा फोरलेन रोड (8.5 किमी.) (जयपुर) | 16 करोड़ रुपये |
| 25. | अहिंसा सर्किल से बस स्टैण्ड/तिराहा सड़क मार्ग का नवीनीकरण व इंटरलॉकिंग टाइल्स मय नाला निर्माण (2.10 किमी.) (तिजारा, अलवर) | 10 करोड़ रुपये |
| 26. | टपूकड़ा से चौपानकी वाया झिवाना (7 किमी.) (तिजारा, अलवर) | 14 करोड़ रुपये |
| 27. | भिवाड़ी टोल से टपूकड़ा तक 6 लेन सड़क मय नाला निर्माण (10 किमी.) (भिवाड़ी, अलवर) | 50 करोड़ रुपये |
| 28. | ढाढरिया खुर्द–गाजू–पालड़ी जोधा–जनाणा–झुझण्डा–आमण्डा–बींठवाल–बलाया–पालड़ी व्यासा–भाकरोद–शीलगांव–लालाप–माणकपुर–मेड़ास–कालियास–भदोरा–कंकड़ाय–सैनणी–असावरी–दियावड़ी (95 किमी.) (खींवसर, नागौर) | 75 करोड़ रुपये |
| 29. | वारिसपुरा से बीबासर सड़क (11 किमी.) (झुंझुनूं) | 14 करोड़ रुपये |
| 30. | बगड़ से इस्लामपुर सड़क (5 किमी.) (झुंझुनूं) | 6 करोड़ रुपये |
| 31. | भडौन्दा कलां में बाईपास का निर्माण (4 किमी.) (झुंझुनूं) | 6 करोड़ रुपये |

| | | |
|---|---|---|
| 32. | भुकाना में बाईपास का निर्माण (3 किमी.) (झुंझुनूं) | 5 करोड़ रुपये |
| 33. | बयाना–करौली जिले की सीमा पर नवलापुरा, डांडा गांव, ज्ञानी का बेड़ा, गाजीपुर, कोल्हूपुरा, ताली, छुनैनी सड़क (12 किमी.) (बयाना, भरतपुर) | 12 करोड़ रुपये |
| 34. | जगदीश भवन से एसएच–39 वाया खुमानपुरा–चिताम्बा–गोवर्धनपुरा–आसींद–बालापुरा–सलारमाला सड़क का चौड़ाईकरण (मांडल, भीलवाड़ा) | 60 करोड़ रुपये |
| 35. | बिल्यारा नदी पर ग्राम हाथौड़ में पुलिया मय सड़क निर्माण (डूंगरपुर) | 6 करोड़ 10 लाख रुपये |
| 36. | दोलपुरा नदी पर पुल निर्माण (खेरवाड़ा, उदयपुर) | 6 करोड़ रुपये |
| 37. | नोहर रावतसर बाईपास (4 किमी.) (हनुमानगढ़) | 20 करोड़ रुपये |
| 38. | नांगल भरड़ा अमरपुरा रोड से ईटावा भोपजी सड़क तक वाया वाडीपुरा, घोसल्यों की ढाणी, बुनकरों का मौहल्ला, विशनपुरा–चारणवास (3.5 किमी.)(शाहपुरा, जयपुर) | 3 करोड़ 50 लाख रुपये |
| 39. | फोर्ट रोड वाया झरनेश्वर महादेव मंदिर (5.45 किमी.) (जालोर) | 27 करोड़ रुपये |
| 40. | नला से बरोनी–सिवाड़ सड़क वाया सिरस, मेहताबपुरा (11 किमी.) (टोंक) | 11 करोड़ रुपये |
| 41. | सलेदीपुरा से खटून्दारा वाया गिजरोइयों की ढाणी, बहुजी की ढाणी (9 किमी.) (खंडेला, सीकर) | 3 करोड़ 60 लाख रुपये |
| 42. | सिमारला रोड से छोटा गुढ़ा तक सड़क वाया सिंगोद सीमा, बगड़ियों की ढाणी (10 किमी.)(खंडेला, सीकर) | 4 करोड़ रुपये |
| 43. | राजोला, सोजत सिटी, सोजत रोड, कंटालिया, बभाण जिला सीमा तक (17 किमी.) (मारवाड़ जंक्शन, पाली) | 19 करोड़ रुपये |
| 44. | दूदू–फागी रोड चौरू नाड़ा से निमेड़ा पारली रोड वाया छापरी, नारेड़ा तक सड़क (17 किमी.) (दूदू, जयपुर) | 19 करोड़ रुपये |
| 45. | हरिपुरा से भाकरा होते हुए चक 5 एचआरपी तरमाला पुल तक सड़क (2.5 किमी.) (हनुमानगढ़) | 1 करोड़ रुपये |

| | | |
|---|---|---|
| 46. | लांगरा कैलादेवी सड़क वाया भादरपुर–चौबे की गुआड़ी–अतेवा (22 किमी.) (करौली) | 22 करोड़ रुपये |
| 47. | भरतुन–डाबरा–सिन्धुपरा सड़क (7 किमी.) (करौली) | 2 करोड़ 80 लाख रुपये |
| 48. | पुरानी वाडेली से मामावली (7 किमी.) (सिरोही) | 3 करोड़ 50 लाख रुपये |
| 49. | थोई पीतमपुरी रोड से अहीरों की ढाणी गांधी स्कूल तक सड़क (2 किमी.) (नीमकाथाना, सीकर) | 90 लाख रुपये |
| 50. | नटनी का बारा से देवनारायण मंदिर तक सड़क मय पुलिया (अलवर) | 8 करोड़ रुपये |
| 51. | बुटाटी से डेगाना रोड का 2 लेन का कार्य (50 किमी.) (डेगाना, नागौर) | 50 करोड़ रुपये |
| 52. | कावड जौला आदलवाड़ा कलां भगवतगढ़ झौंपड़ा (30 किमी. ) (खण्डार, सवाई माधोपुर) | 22 करोड़ रुपये |
| 53. | घासेली स्टैण्ड से तिजारा वाया मुसाखेड़ा तीतरका (19 किमी.) (किशनगढ़बास, अलवर) | 22 करोड़ रुपये |
| 54. | 507 हैड, 1केएम से महादेववाली तक सड़क (10 किमी.) (बीकानेर) | 4 करोड़ रुपये |
| 55. | आलमसर से लालाणीयों का तला तक सड़क (चौहटन, बाड़मेर) | 25 लाख रुपये |
| 56. | किरवाड़ा महस्वा कूंजेला मिलकसराय, सोंप सड़क (26 किमी.) (करौली) | 30 करोड़ रुपये |
| 57. | खानकी चौकी से चंदेलीपुरा सड़क (16 किमी.) (करौली) | 8 करोड़ रुपये |
| 58. | सांगड से सम वाया खुहड़ी तक सड़क (55 किमी. )(जैसलमेर) | 58 करोड़ रुपये |
| 59. | इंटरचेंज फ्लाई ओवर से सीकरी तक सड़क (15 किमी. )(नगर, भरतपुर) | 15 करोड़ रुपये |
| 60. | कुणी, असावता, खेरोट, छोटा मायंगा, छायण, रतनपुरिया, बड़ी लॉक, शाहजी का पठार, पांच ईमली, बमोतर, अमलावद, साकरिया, बसाड, कीटखेड़ी, राजौरा, सेमली, अरनिया, देवद, बसेरा तक सड़क (75 किमी.) (प्रतापगढ़) | 40 करोड़ रुपये |

| | | |
|---|---|---|
| 61. | दांता से खाटूश्यामजी सड़क (16 किमी.) (रींगस, सीकर) | 16 करोड़ रुपये |
| 62. | चन्द्रगढ़ बमोरी रोड पर बडोदिया के सामने पुल निर्माण (किशनगंज, बारां) | 60 लाख रुपये |
| 63. | कांकराला–मोरडा सड़क (5 किमी.) (पचपदरा, बाड़मेर) | 2 करोड़ रुपये |
| 64. | बालोतरा में लूणी नदी किनारे छत्रियों का मोर्चा से मेगा हाईवे तक सड़क (5 किमी.) (बाड़मेर) | 2 करोड़ रुपये |
| 65. | थुम्बली से बलाऊ (7 किमी.) (बाड़मेर) | 2 करोड़ 80 लाख रुपये |
| 66. | स्वरूपगंज से दर्री सड़क मय पुल निर्माण (मांडल, भीलवाड़ा) | 15 करोड़ रुपये |
| 67. | अंधियारी गढ़ी जाफर मार्ग पर पुल निर्माण कार्य (राजाखेड़ा, धौलपुर) | 14 करोड़ रुपये |
| 68. | हथवारी खेरिया मार्ग पर पुल निर्माण (राजाखेड़ा, धौलपुर) | 4 करोड़ रुपये |
| 69. | धामली से भीमालिया मार्ग पर पुल निर्माण कार्य (मारवाड़ जंक्शन, पाली) | 4 करोड़ रुपये |
| 70. | हिंगोला–पुल निर्माण (मारवाड़ जंक्शन, पाली) | 5 करोड़ रुपये |
| 71. | गोगामेड़ी से ददरेवा वाया हुणतपुरा सड़क (20 किमी.) (भादरा, हनुमानगढ़) | 10 करोड़ रुपये |
| 72. | लाम्बा से तिलवासनी (12 किमी.) (बिलाड़ा–जोधपुर) | 3 करोड़ 60 लाख रुपये |
| 73. | भीम क्षेत्र में विभिन्न सड़कों का निर्माण (58 किमी.) (भीम, राजसमंद) | 26 करोड़ रुपये |
| 74. | सरगांव से जिला सीमा तक सड़क (6 किमी.) (सहाड़ा, भीलवाड़ा) | 6 करोड़ रुपये |
| 75. | आहोर मुख्यालय से खारा जोगवा, संखवाली, चुंडा, नीमला सड़क मार्ग (25 किमी.) (आहोर, जालोर) | 15 करोड़ रुपये |
| 76. | डोडियाना–जेसासरी (एमडीआर 242) सड़क (62 किमी.) (खींवसर, नागौर) | 60 करोड़ रुपये |
| 77. | त्रिवेणी जहाजपुर देवली सड़क पर पीपलून्द ग्राम में बाईपास निर्माण कार्य (स्टेट हाईवे–134) (3 किमी.) (जहाजपुर, भीलवाड़ा) | 16 करोड़ रुपये |

| | | |
|---|---|---|
| 78. | दिल्ली बाईपास मानबाग चौराहे से होते हुए 2 नम्बर बस स्टैण्ड होते हुए जाटों की ढाणी तक सड़क (जयपुर) | 20 करोड़ रुपये |
| 79. | रेलवे अंडरपास आजाद नगर व देवनगर के बीच (श्रीगंगानगर) | 5 करोड़ रुपये |
| 80. | दहलोद से करेड़ा वाया गोरधनपुरा, भरथला वाया बीड की ढाणी से धतूरी तक, खाजपुरा रोड से भरथला, लुहारा से श्रीसुरतपुरा बैरवों की ढाणी त्यागीजी आश्रम, पटेल टीबी से पंचायत मुख्यालय ललवाड़ी तक मय पुलिया, ग्राम दहलोद से हीरामल बाबा स्थान डोईयो की ढाणी तक (22 किमी.)(टोंक) | 8 करोड़ 50 लाख रुपये |
| 81. | बगड़ी से डूसरी, बगड़वा से गूढ़ारामदास, प्यावड़ी से कंवरपुरा बैरवा ढाणी, डिग्गी रोड से मोहम्मद नगर बैरवा की ढाणी (25 किमी.) (टोंक) | 6 करोड़ रुपये |
| 82. | खाजूवाला से 7केएनडी 365 हैड जिला सीमा तक (23.70 किमी.) (बीकानेर) | 15 करोड़ रुपये |
| 83. | खाजूवाला से एमडीआर–296 वाया 3 पावली, 40 केवाईडी, अलदीन, भागु फांटा (32 किमी.) (खाजूवाला, बीकानेर) | 18 करोड़ रुपये |
| 84. | पूंजपुर कोठडी खेरमाल सड़क (डूंगरपुर) | 10 करोड़ रुपये |
| 85. | 10 बीजीएस भागसर की सम्पर्क सड़क (2.50 किमी.) (सादुलशहर, श्रीगंगानगर) | 1 करोड़ रुपये |

## II. आधारभूत सुविधाओं व अन्य संरचना कार्य–

| क्र.सं. | आधारभूत सुविधाओं के कार्य | लागत |
|---|---|---|
| 1. | हवामहल से गुजरने वाले नालों को ढकवाने का कार्य (जयपुर) | 105 करोड़ रुपये |
| 2. | जयपुर के गलता पीठ मंदिर, सामुदायिक केन्द्र व दिल्ली रोड स्थित नाग तलाई नाले के जीर्णोद्धार एवं विकास कार्य | 35 करोड़ रुपये |
| 3. | नोहर–हनुमानगढ़ में सीवरेज कार्य | 20 करोड़ रुपये |
| 4. | जौहरी सागर–चूरू में सीवरेज व ड्रेनेज कार्य | 23 करोड़ रुपये |

| | | |
|---|---|---|
| 5. | त्रिनेत्र गणेश मंदिर रणथम्भौर–सवाई माधोपुर में गणेशधाम से मन्दिर तक रोपवे का निर्माण (सवाई माधोपुर) | 20 करोड़ रुपये |
| 6. | पुष्कर घाट–अजमेर का पुनरूद्धार व विकास कार्य | 80 करोड़ रुपये |
| 7. | अजमेर में जल आपूर्ति हेतु पाइन लाइन एवं अन्य कार्य | 31 करोड़ रुपये |
| 8. | जवाई बांध से सिरोही तहसील के गांवों में पेयजल आपूर्ति हेतु डीपीआर (सिरोही) | 2 करोड़ रुपये |
| 9. | जैसलमेर के महाराणा प्रताप मैदान में अंडरग्राउण्ड पार्किंग | 10 करोड़ 41 लाख रुपये |
| 10. | मझोला तालाब का सुदृढ़ीकरण एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य (डूंगरपुर) | 5 करोड़ रुपये |
| 11. | भृर्तहरि धाम पर अमर गंगा नाले का जीर्णोद्धार व अन्य विकास कार्य (अलवर) | 5 करोड़ रुपये |
| 12. | नमाना में घोड़ा पछाड़ नदी पर लाडेश्वर महादेव के सामने बैंक प्रोटेक्शन कार्य (बूंदी) | 7 करोड़ रुपये |
| 13. | गंगापुर सिटी व 109 गांवों के लिए अतिरिक्त पेयजल आपूर्ति (सवाई माधोपुर) | 15 करोड़ रुपये |
| 14. | चम्बल–पांचना–जग्गर लिफ्ट परियोजना का कार्य (करौली, सवाई माधोपुर) | 20 करोड़ रुपये |
| 15. | नसिया जी की पहाड़ियों का सौन्दर्यीकरण व विकास कार्य (सागवाड़ा, डूंगरपुर) | 6 करोड़ रुपये |

31. कम लागत में उच्च गुणवत्ता के सड़क एवं भवन निर्माण सम्बन्धी अनुसंधान के लिए जयपुर में **'Centre of Excellence for Road and Building Construction'** की 40 करोड़ रुपये की लागत से स्थापना की जायेगी।

32. चिड़ावा–झुंझुनूं में अधिशाषी अभियंता (सार्वजनिक निर्माण विभाग) का कार्यालय खोला जायेगा।

33. प्रदेश के 50 नगरीय निकायों के जल भराव क्षेत्रों में Drainage एवं Grey Water Treatment हेतु 200 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। साथ ही, विभिन्न निकायों हेतु सीवर सफाई कार्य आधुनिक मशीनों द्वारा किये जाने के लिए 100 करोड़ रुपये की लागत से थ्री–इन–वन (Rodding/Suction, Grabbing and Jetting Robot) मशीनें उपलब्ध करवायी जायेंगी।

34. हाल ही में लम्पी बीमारी के कारण काफी संख्या में गायों की मृत्यु हुई है। बीमारी या अन्य कारणों से पशुओं की मृत्यु होने पर उनके अवशिष्ट के निस्तारण की प्रमुख समस्या रहती है। इसके समाधान व त्वरित निस्तारण के लिए प्रथम चरण में जिला स्तर के नगर निकायों में Carcass Plants स्थापित किये जायेंगे। इस हेतु 75 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे।

35. नगर निकाय क्षेत्रों को कचरे की समस्या से निजात दिलाने एवं प्रभावी निस्तारण हेतु–

I. 118 नगरीय निकायों में डम्पिंग ग्राउण्ड पर पड़े पुराने कचरे के निस्तारण हेतु 54 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे।

II. निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट (Construction and Demolition Waste) के recycling व processing हेतु जिला मुख्यालय स्थित निकायों पर plants लगाये जायेंगे। प्रथम चरण में 24 करोड़ रुपये की लागत से कोटा, जोधपुर, बीकानेर, अजमेर एवं अलवर में प्लांट्स लगाये जायेंगे।

36. प्रदेश में प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली जनहानि, आगजनी आदि घटनाओं की रोकथाम एवं quick response हेतु नगरीय निकायों में 200 फायर वाटर टेण्डर उपलब्ध करवाये जायेंगे। इस पर 75 करोड़ रुपये का व्यय

होगा। साथ ही, औद्योगिक इकाइयों को आगजनी की घटनाओं से बचाव हेतु केशवाना (नीमराणा), खैरथल–अलवर, खारा–बीकानेर, कलड़वास –उदयपुर एवं रतनगढ़–चूरू में अग्निशमन केन्द्र (Fire Stations) स्थापित किये जायेंगे।

पेयजल एवं भूजल :

37. 15 हजार से अधिक गांवों में पेयजल व्यवस्था की अत्याधुनिक तकनीक से सेंसर आधारित मॉनिटरिंग व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु IT आधारित Real Time Monitoring System के साथ ही सेंट्रल कमाण्ड सेंटर की स्थापना की जायेगी। इस पर लगभग एक हजार 500 करोड़ रुपये व्यय किये जाने प्रस्तावित हैं।

38. जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी के रोजदा (जालसू)–जयपुर में **कनिष्ठ अभियंता,** किशनगढ़–रेनवाल–जयपुर में **सहायक अभियंता** तथा भादरा–हनुमानगढ़ व कोटपूतली–जयपुर में **अधिशाषी अभियंता के कार्यालय** खोले जायेंगे।

ऊर्जा :

39. ऊर्जा तंत्र के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए–

I. सवा–बाड़मेर में 220 केवी जीएसएस स्थापित किया जायेगा।

II. मुबारिकपुर (रामगढ़)–अलवर, हरसानी फांटा, पनोरिया (चौहटन)–बाड़मेर, पुगल–बीकानेर, उच्चैन (नदबई)–भरतपुर, दल्लुसर, घड़सीसर (सरदारशहर)–चूरू, लोठियाना (रावतभाटा) –चित्तौड़गढ़ एवं जीरोता (लवाण)–दौसा में **132 केवी जीएसएस** स्थापित किये जायेंगे।

III. बीघोता (राजगढ़)–अलवर, पथराली–भरतपुर, शिवनगर–बाड़मेर, पातालीसर (सरदारशहर)–चूरू, माधोपुर–चित्तौड़गढ़, कोड (डेगाना), शेरानीआबाद (डीडवाना)–नागौर एवं घनियासर (नोहर)–हनुमानगढ़ में **33/11 केवी जीएसएस** स्थापित किये जायेंगे।

IV. नगर–भरतपुर में **अधिशाषी अभियंता (विद्युत) कार्यालय** तथा डूडवा (लक्ष्मणगढ़)–सीकर, झोंथरी–डूंगरपुर, मासलपुर–करौली एवं कल्याणपुर, मेहलू (धौरीमन्ना)–बाड़मेर में **सहायक अभियंता (विद्युत) के कार्यालय** खोले जायेंगे।

V. जयपुर में मानसरोवर से स्वेज फार्म होते हुए एसएमएस स्टेडियम तक 132 केवी हाईटेंशन लाइन को अंडरग्राउण्ड किया जायेगा।

वन एवं पर्यावरण :

40. नगरों में Green Lungs की अति आवश्यकता है। इस क्रम में मूंगस्का, भूगोर तथा करधनी–**अलवर**; घूघरा घाटी एवं स्मृति वन विस्तार पुष्कर–**अजमेर**; रतननगर बीड, राजगढ़–**चूरू**; मंगलवाड़–**चित्तौड़गढ़**, गणेश टेकड़ी एवं नाथद्वारा–**राजसमंद** एवं रिसाला–**उदयपुर** में 2–2 करोड़ रुपये तथा खैरखेड़ी–**बारां**; श्यामपुरा–**बांसवाड़ा**; किला ब्लाक–**चित्तौड़गढ़**; नीलकण्ठ महादेव–**दौसा**; संजय वन–शाहपुरा, मायला बाग व कानोता बांध–**जयपुर**, चौथ का बरवाड़ा–**सवाई माधोपुर**; बांदरिया मगरा–**राजसमंद** एवं कच्चा बांध–**टोंक** शहरों के आस–पास वन क्षेत्रों का विकास कर आम जनता के लिए खोलने हेतु 1–1 करोड़ रुपये व्यय किये जायेंगे।

41. जयपुर में कुलिश स्मृति वन की तर्ज पर नींदड बैनाड़ वन क्षेत्र में 135 हेक्टेयर भूमि पर तथा कालवाड रोड पर गोविन्दपुरा की 10 हेक्टेयर भूमि पर 18 करोड़ 37 लाख रुपये की लागत से **जैव विविधता वन** (Bio Diversity Forests) विकसित किये जायेंगे।

42. जिला मुख्यालय स्थित नगरीय निकायों में सुविधायुक्त सिटी पार्क बनाये जाने के साथ–साथ मौजूदा शहरी वन क्षेत्रों में सुधार व विकास हेतु विभिन्न कार्य करवाये जायेंगे। इन पर 40 करोड़ रुपये का व्यय होगा। साथ ही, गंगापुरसिटी–सवाई माधोपुर में सिटी पार्क बनाया जायेगा।

43. वन क्षेत्रों के कुशल प्रबन्धन, संचालन एवं आधारभूत सुविधायें विकसित करने हेतु–

I. पेट्रोलिंग ट्रैक, फायर लाईन व नवीन वन चौकियों के निर्माण तथा वन विभाग के भवनों एवं परिसरों के सुदृढ़ीकरण के लिए 35 करोड़ रुपये, तथा

II. आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देने यथा–ड्रोन के माध्यम से सीडिंग, वायरलेस सिस्टम में सुधार तथा ट्रैप कैमरों हेतु 15 करोड़ रुपये व्यय किये जायेंगे।

44. आकल वुड फॉसिल्स पार्क–जैसलमेर को विश्व स्तरीय बनाने के लिए DPR बनवायी जायेगी।

45. राज्य के रणथम्भौर, सरिस्का एवं मुकुन्दरा हिल्स टाइगर रिजर्वस तथा जवाई बांध–पाली और झालाना नेचर पार्क–जयपुर लेपर्ड कंजर्वेशन रिजर्वस में वर्तमान **Wildlife Survillence and Anti-Poaching System**

**(WS & APS)** को मजबूत करने के साथ–साथ रामगढ़ विषधारी–बूंदी, जमवारामगढ़ अभ्यारण्य–जयपुर, कुम्भलगढ़ अभ्यारण्य–राजसमंद–उदयपुर –पाली, टॉडगढ़ रावली–अजमेर–राजसमंद–पाली आदि वन क्षेत्रों में भी इसका विस्तार किया जायेगा। इस पर 50 करोड़ रुपये व्यय होंगे।

पर्यटन, कला एवं संस्कृति :

46. प्रदेश में पर्यटकों को सुरक्षा एवं सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से **5 हजार पर्यटक मित्र** बनाये जाने प्रस्तावित हैं। साथ ही, पर्यटक सहायता बल (TAF) हेतु 75 वाहन उपलब्ध करवाये जायेंगे।

47. बड़ी खाटू–नागौर स्थित दरगाह हजरत समन दीवान रहमतुल्लाह अलेह तथा घाटेश्वर महादेव मंदिर एवं हरमलदास जी महाराज मंदिर विजय नगर (नावां)–नागौर को धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा। साथ ही, बूटाटी–नागौर में नाड़ी, पार्क व तालाब के सौन्दर्यीकरण के कार्य करवाये जायेंगे।

48. कोविड–19 के मद्देनजर प्रदेश के दो प्रमुख मंदिरों ऋषभदेव व गोगामेड़ी में श्रद्धालुओं के लिए ऑनलाइन दर्शन की व्यवस्था की गयी थी। इसकी सफलता को देखते हुए राज्य के अन्य 5 प्रमुख मंदिरों–कुशल बिहारी जी मंदिर, बरसाना व कैलादेवी (झील का बाड़ा)–भरतपुर, माताजी मावलियां–जयपुर, आढदेवी माता मंदिर–कोटा एवं गणेशजी मंदिर (रातानाडा)–जोधपुर में भी ऑनलाइन दर्शन की व्यवस्था प्रारंभ की जायेगी।

49. बानसूर–अलवर के किले में स्थित माता के मंदिर व तालवृक्ष में स्थित गंगा माँ के मंदिर परिसर में विभिन्न विकास कार्य के साथ ही जन सुविधायें विकसित की जायेंगी।

50. राज्य में नृत्य, नाटक एवं संगीत कला के प्रोत्साहन एवं विकास के लिए स्थापित रवीन्द्र मंच परिसर, जयपुर का सुदृढ़ीकरण एवं सौन्दर्यीकरण करते हुए इसे Multi Cultural Centre के रूप में विकसित किया जाना प्रस्तावित है। साथ ही, जयपुर कत्थक नृत्य केन्द्र का आधुनिकीकरण किया जायेगा।

51. सहरिया जनजाति की विशिष्ट संस्कृति के संरक्षण के साथ–साथ पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बारां में **सहरिया संग्रहालय** स्थापित किया जायेगा।

52. ऐतिहासिक पाण्डुलिपियों व प्रशासनिक दस्तावेजों की सुरक्षा, संरक्षण एवं Digitization हेतु–

I. अभिलेख संग्रहालय–बीकानेर में आगामी वर्ष 350 स्वतंत्रता सेनानियों की फोटो व फोटोग्राफी दीर्घा तथा 200 सीटों के वातानुकूलित सभागार का निर्माण करवाया जायेगा।

II. अल्बर्ट हॉल पुस्तकालय, जयपुर का नवीनीकरण व दुर्लभ दस्तावेजों का Digitization किया जायेगा।

III. राजस्थान प्राच्य विद्या (Oriental Research) प्रतिष्ठान, जोधपुर का आधुनिकीकरण एवं सुदृढ़ीकरण किया जायेगा।

गृह :

53. प्रदेश में संगठित रूप से कार्यरत विभिन्न माफियाओं यथा–Land माफिया, बजरी माफिया एवं Loan माफिया इत्यादि पर कड़ी एवं त्वरित कार्रवाई करने के लिए SOG के अन्तर्गत **Special Task Force** का गठन किया जाना प्रस्तावित है।

54. प्रदेश की कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु–

I. लालसोट–दौसा में **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय** खोला जायेगा।

II. सिवाना–बाड़मेर व आहोर–जालोर में **पुलिस उप अधीक्षक कार्यालय** खोले जायेंगे।

III. तनोट–जैसलमेर, कैलाशनगर–सिरोही, श्रीनाथ जी (नाथद्वारा) –राजसमंद, जाजोद (खंडेला), गोकुलपुरा–सीकर एवं गोठड़ा (नवलगढ़)–झुंझुनूं में **पुलिस थाने** खोले जायेंगे। साथ ही, बयाना–भरतपुर में सदर पुलिस थाना खोला जायेगा। इसके अतिरिक्त, नावां–नागौर व कोटपूतली–जयपुर में महिला पुलिस थाने खोले जायेंगे।

IV. टांटोटी (केकड़ी)–अजमेर, मुख्य बाजार (बानसूर)–अलवर, बड़ा महुआ (सुवाणा), चिताम्बा, नानकपुरा (मांडल)–भीलवाड़ा, वैर–भरतपुर, बांसखोह (बस्सी)–जयपुर, भगवतगढ़ (खंडार)–सवाई माधोपुर, तुलसी वन रोड (बाड़ी)–धौलपुर एवं जगत (कुराबड़)–उदयपुर में **नवीन पुलिस चौकी** खोली जायेंगी।

55. घरेलू हिंसा से प्रभावित महिलाओं को सहायता व परामर्शी सेवाओं हेतु संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र को देय अनुदान राशि 3 लाख 15 हजार रुपये वार्षिक से बढ़ाकर 5 लाख रुपये की जायेगी। साथ ही, समस्त पुलिस सर्किलों पर ये केन्द्र स्थापित किये जायेंगे। Women Help Desk पर कार्यरत Counsellors के मानदेय में आगामी वर्ष 15 प्रतिशत की वृद्धि किया जाना प्रस्तावित है।

56. आम जनता को सुगम व त्वरित न्याय उपलब्ध कराने के लिए आगामी वर्ष–

I. खाजूवाला–बीकानेर, नदबई–भरतपुर व भीण्डर–उदयपुर में **अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायालय** खोले जायेंगे। साथ ही, रामगढ़–अलवर में **अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायालय** का कैम्प कोर्ट खोला जायेगा।

II. मारवाड़ जंक्शन–पाली में **वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय** खोला जायेगा।

III. मावली–उदयपुर, किशनगढ़–अजमेर एवं नाथद्वारा–राजसमंद में **विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट (एनआई एक्ट प्रकरण) न्यायालय** खोले जायेंगे।

IV. बज्जू–बीकानेर, चिखली–डूंगरपुर एवं मंडरायल–करौली में **सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय** एवं श्रीगंगानगर में **वाणिज्यिक न्यायालय** खोला जायेगा।

V. तिजारा–अलवर में **विशेष न्यायालय (पोक्सो एक्ट)** खोला जायेगा।

**कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र :**

57. कृषकों को अकसर शिकायत रहती है कि सतर्कता जांच अधिकारी द्वारा आए दिन उनकी भार वृद्धि की वीसीआर भर दी जाती है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए मैं, कृषि कनेक्शनों के विद्युत भार को बढ़ाने हेतु **स्वैच्छिक भार वृद्धि योजना** लागू करने की घोषणा करता हूँ। इसके अंतर्गत आगामी वर्ष 30 अप्रेल तक स्वयं declare करने पर पेनल्टी नहीं ली जाकर मात्र धरोहर राशि 30 रुपये प्रति HP मासिक दर से दो माह के लिए जमा करवाने पर अतिरिक्त विद्युत भार को नियमित किया जाना प्रस्तावित करता हूँ।

58. कृषि जलवायु आधारित उद्यानिकी फसलों के अनुसंधान के लिए शेष 9 कृषि जलवायु क्षेत्रों में आगामी तीन वर्षों में चरणबद्ध रूप से उद्यानिकी Adaptive Trial Centre (ATC) स्थापित किये जायेंगे। आगामी वर्ष प्रथम चरण में बीकानेर, जोधपुर, उदयपुर एवं भरतपुर में ये केन्द्र खोले जायेंगे।

59. बहरावण्डा (सिकराय)–दौसा **में पपीते का Centre of Excellence** स्थापित किया जाना प्रस्तावित है।

60. थावला (डेगाना)–नागौर एवं बसेड़ी (झोटवाड़ा)–जयपुर में **कृषि उपज मण्डी** खोली जायेंगी।

61. प्रदेश में पशु चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार हेतु विभिन्न पशु चिकित्सा केन्द्र खोले/क्रमोन्नत किये जायेंगे, जो इस प्रकार हैं–

I. मेरे द्वारा वर्ष 2023–24 के बजट में नवगठित एक हजार 200 ग्राम पंचायतों में चरणबद्ध रूप से पशु चिकित्सा उप केन्द्र खोले जाने

की घोषणा की गई थी। इसी क्रम में अब मैं, पुरानी **एक हजार 439 ग्राम पंचायतों** में भी चरणबद्ध रूप से **पशु चिकित्सा उप केन्द्र** खोले जाने की घोषणा करता हूँ।

II. घोड़ास (मांडल)–भीलवाड़ा, खारडा (रोहट)–पाली व खुईयाला (सम)–जैसलमेर के **पशु चिकित्सा उप केन्द्रों को पशु चिकित्सालय में क्रमोन्नत** किया जायेगा। साथ ही, नसवारी–अलवर में **पशु चिकित्सालय** खोला जायेगा।

III. तिजारा–अलवर, बहरावण्डा–दौसा, लाडनूं–नागौर एवं राजाखेड़ा–धौलपुर के **प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालयों को बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालयों में क्रमोन्नत** किया जायेगा।

IV. जोजावर–पाली में नवीन **पशु विज्ञान केन्द्र** खोला जायेगा।

V. सिरोही में **पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय** खोला जायेगा।

62. नाथद्वारा–राजसमंद एवं उदयपुर में **केटल फीड प्लांट्स** की स्थापना की जायेगी।

63. प्रदेश में सिंचाई सुविधा के विस्तार हेतु–

I. नोहर क्षेत्र के 35 गांवों की लगभग एक लाख 20 हजार हेक्टेयर भूमि की समुचित सिंचाई व्यवस्था करने की दृष्टि से नोहर फीडर की रिलाइनिंग के लिए 20 करोड़ रुपये का व्यय किया जाना प्रस्तावित है।

II. भादरा–हनुमानगढ़ में अमरसिंह ब्रांच, सिद्धमुख नहर व नोहर फीडर प्रणाली में पुराने टूटे हुए खालों का निर्माण एवं जीर्णोद्धार

करवाया जायेगा। साथ ही, सूरतगढ़–श्रीगंगानगर क्षेत्र की खालों का निर्माण व जीर्णोद्धार किया जायेगा।

III. गुड़गांवा कैनाल से शेष रही कच्ची वितरिकाओं को पक्का करने सम्बन्धी कार्य 100 करोड़ रुपये की लागत से करवाये जायेंगे।

IV. बेहरानिया (खैरवाड़ा), कडैयापानी (सलूम्बर)–उदयपुर, आडीवाट के पाल कडैइया, डोहारिया (सीमलवाड़ा)–डूंगरपुर, भूखा–सवाई माधोपुर, चरलिया आक्या (निम्बाहेड़ा)–चित्तौड़गढ़ सहित 100 एनिकटों के निर्माण/जीर्णोद्धार व 100 नहरी तंत्रों के जीर्णोद्धार हेतु 400 करोड़ रुपये के कार्य प्रारम्भ किये जायेंगे।

V. बेगूं–चित्तौड़गढ़ के कुण्डाल क्षेत्र की आठ पंचायतों में लिफ्ट सिंचाई द्वारा चम्बल का पानी उपलब्ध कराने हेतु DPR तैयार करवायी जायेगी।

64. कृषि महाविद्यालय, फतेहपुर–सीकर में पीजी कक्षायें संचालित की जायेंगी।

65. हनुमानगढ़ में कृषि विज्ञान केन्द्र तथा सीकर में खाद, बीज, दवाई विश्लेषण प्रयोगशाला स्थापित की जायेगी।

66. श्रीगंगानगर एवं हनुमानगढ़ जिलों के कपास उत्पादन करने वाले किसानों को अपनी फसल का उचित मूल्य मिल सके, इस दृष्टि से **स्पिनिंग मिल हनुमानगढ़** को पुनः प्रारम्भ करने की घोषणा करता हूँ।

सुशासन :

67. योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए एकीकृत GIS प्लेटफॉर्म **'Raj Dhara'** का उपयोग बढ़ता जा रहा है। इस क्रम में विभिन्न विभागों हेतु सेटेलाइट इमेजरी की आवश्यकताओं के अनुरूप राजधारा प्लेटफॉर्म पर Time Series High Resolution Satellite Imagery Repository की स्थापना की जायेगी एवं इसके विश्लेषण हेतु High-end Lab की भी स्थापना की जायेगी, जिससे राज्य के विकास एवं आवश्यकताओं की प्रभावी समीक्षा की जा सकेगी। इसके लिए 90 करोड़ रुपये का व्यय किया जायेगा।

68. प्रदेश में प्रशासनिक इकाइयों के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण हेतु—

I. सीकर में **मिनी सचिवालय** का निर्माण करवाया जायेगा।

II. केकड़ी—अजमेर एवं लालसोट—दौसा में **अतिरिक्त जिला कलक्टर कार्यालय** खोले जायेंगे।

III. सुहागपुरा—प्रतापगढ़ एवं आऊ (लोहावट)—जोधपुर में **उपखण्ड कार्यालय** खोले जायेंगे।

IV. छोटी खाटू (डीडवाना)—नागौर, सायरा—उदयपुर एवं जनूथर (नगर)—भरतपुर में तहसील कार्यालय खोले जायेंगे। साथ ही, रामपुरा डाबड़ी—जयपुर, गजसिंहपुर मण्डी (श्रीकरणपुर)—श्रीगंगानगर को **उप तहसील से तहसील में क्रमोन्नत** किया जायेगा।

V. बाम्बोली (रामगढ़), डहरा—**अलवर**, हीरा की ढाणी (गिड़ा), चवा, फागलिया—**बाड़मेर**, साडास (बेगूं)—**चित्तौड़गढ़**, देलाड़ी (बांदीकुई), बालाहेड़ी (महुवा)—**दौसा**, झील का बाड़ा—**भरतपुर**, चांधण—**जैसलमेर**, पाडवा (सागवाड़ा)—**डूंगरपुर**, बूडसू (मकराना),

जोधियासी (जायल)–**नागौर**, सिरस (निवाई)–**टोंक** एवं मलारना चौड़–**सवाई माधोपुर** में **उप तहसील** कार्यालय खोले जायेंगे।

VI. सावर (केकड़ी)–**अजमेर**, नौगांवा (रामगढ़)–**अलवर**, देई–**बूंदी**, लवाण–**दौसा**, खेरनी–**सवाई माधोपुर**, फागी (दूदू), वाटिका –**जयपुर**, दूनी (देवली–उनियारा)–**टोंक** एवं वल्लभनगर–**उदयपुर** को **नगर पालिका** बनाया जायेगा। साथ ही, नगर पालिका खैरथल–**अलवर** व नीमकाथाना–**सीकर** को क्रमोन्नत किया जायेगा।

VII. नोहर–हनुमानगढ़ में **रोडवेज बस डिपो** खोला जायेगा। साथ ही, निवाई–टोंक बस स्टैण्ड का आधुनिकीकरण किया जायेगा।

69. नायब तहसीलदार, नर्सिंग अधीक्षक इत्यादि पदों को राजपत्रित घोषित किया जायेगा।

70. अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा प्रदेश की नीतियों एवं कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में किए गए नवाचारों एवं तद्नुसार अर्जित उपलब्धियों के प्रोत्साहन हेतु **'मुख्यमंत्री सार्वजनिक सेवा उत्कृष्टता पुरस्कार' (Chief Minister's Awards for Excellence in Public Services-CM-EXCELS)** दिये जाने की घोषणा करता हूँ।

– : जय हिन्द : –